an>

Title: Need to send an expert team to assess the quality of roads constructed under PMGSY in Palamu and Gadhwa districts of Jharkhand.

श्री विÂणु दयाल राम (पलामू) : उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना केन्द्र सरकार की एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है। परन्तु दुर्भाग्यवश आज राशि के अभाव में यह योजना करीब-करीब ठप्प पड़ी हुई है। जहां तक मेरे संसदीय क्षेत्र का प्रश्न है, मेरे संसदीय क्षेत्र में यह कार्य तीन कम्पनियों - एच.एस.सी.एल, एन.बी.सी.सी. और एस्कॉन - को दिया गया था। दुर्भाग्य की बात यह है कि इन कम्पनियों द्वारा किया जाने वाला कार्य अत्यंत घटिया स्तर का है तथा जो सड़कें इन कम्पनियों द्वारा बनाई जा रही हैं, उनमें जिस मैटीरियल का उपयोग किया जा रहा है, वह भी निम्न स्तर का है। इन कम्पनियों पर उपायुक्तों का कोई नियंत्रण नहीं है। वे किसी के प्रति जवाबदेह नहीं हैं और उनके इम्प्लाइज़ कौन्ट्रैक्चुअल बेसिस पर लिए गए हैं। ऐसी परिस्थिति में मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपने यहां से एक टीम भेजकर उन सड़कों की क्वालिटी की जांच करानी चाहिए। यदि जांच के अंतर्गत खराब क्वालिटी की सड़कें पाई जाती हैं तो उन कम्पनियों पर कार्यवाही की जानी चाहिए। साथ ही बड़े पैमाने पर जो राजस्व की हानि हो रही है, उसे बचाया जाना चाहिए।